तापमान

अधिकतम 29 .2 डिग्री
न्यूनतम 9 .3 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 12 फरवरी 2026



11 सुपवा में कला, रंगमंच और सुरों का महाकुंभ ...





12 झज्जर बाइपास से पीजीआई इमरजेंसी ...





## शहर में आज

- बिजली निगम में खुला दरबार 11 बजे से 1 बजे तक।
- सुपवा में भारगम और सारंग उत्सव का अंतिम दिन।
- एमडीयू में महर्षि दयानन्द सरस्वती की 201वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम सुबह 10 बजे
- एमडीयू में ताइक्वांडो प्रतियोगिता सुबह 10:30 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर 11 बजे
- सुपवा में भारगंम व सारंग कार्यक्रम सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### मदवि: पीएचडी कोर्स वर्क री अपीयर की परीक्षाएं 18 से

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी की पीएचडी कोर्स वर्क री-अपीयर की परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारम्भ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा की डेटशीट यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम आज से

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में महर्षि दयानन्द सरस्वती की 201वीं जयंती के उपलक्ष्य में 12 व 13 फरवरी को वैदिक परंपरा, राष्ट्रीय चिंतन और सांस्कृतिक चेतना को समर्पित दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस समारोह का शुभारंभ 12 फरवरी को प्रातः 9 बजे विश्वविद्यालय की यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ से होगा, जिसमें आचार्य सुकामा (विश्ववारा कन्या गुरुकुल महाविद्यालय रुड़की) यज्ञ ब्रह्मा के रूप में उपस्थित रहेंगी व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह यजमान के रूप में सहभागिता करेंगे।

# अब नेता को व्हाट्सएप कॉल पर रोहित गोदारा गैंग की धमकी : दो दिन में पैसे दो वरना जान से मार देंगे

पूर्व विधायक बलराज कुंडू से 5 करोड़ की रंगदारी मांगी

**विदेशी नंबर से बार-बार आ रही धमकी भरी कॉल, सुरक्षा पर उठ रहे सवाल**

अपराधी कानून को दे रहे चुनौती, दहशत में नेता और व्यापारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

हरियाणा में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के बीच महम से पूर्व विधायक एवं हरियाणा जनसेवा पार्टी के संस्थापक बलराज कुंडू को पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इससे पहले भी रोहित गोदारा गैंग ने शहर कई लोगों से रंगदारी मांग चुका है। व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से कॉल कर दो दिन के भीतर रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल के बाद उनके फोन पर एक ऑडियो मैसेज भी भेजा गया, जिसमें धमकी देने वाले ने खुद को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताया है। जानकारी के अनुसार 10 फरवरी की शाम 6 बजकर 39 मिनट पर पूर्व विधायक के मोबाइल पर यह कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही दूसरी तरफ से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि तय समय में पैसा नहीं पहुंचा तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। कॉल कटने के कुछ समय बाद व्हाट्सएप पर ऑडियो संदेश भी भेजा गया, जिसे कुंडू ने सुरक्षित रखते हुए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है।

### सिर्फ मैं ही नहीं, शहर के कई और लोग निशाने पर : कुंडू

पूर्व विधायक ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि वे इस तरह की धमकियों के अकेले शिकार नहीं हैं। हाल ही में रोहतक ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत बक्शी को भी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग वाला कॉल आया था। इसके अलावा झज्जर और गोहाना के एक निजी क्लिनिक संचालक से दो करोड़ रुपये की मांग की गई, जबकि कमल आढ़तियों के प्रमुख को भी इसी तरह धमकाया गया है। कुंडू ने कहा कि यह घटनाएं दर्शाती हैं कि हरियाणा में संगठित गिरोहों का नेटवर्क सक्रिय है और व्यापारी, जनप्रतिनिधि व सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोग उनके निशाने पर हैं। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो यह सिलसिला और बढ़ सकता है।

### जन प्रतिनिधि होने के बावजूद मांगनी पड़ रही सुरक्षा

बलराज कुंडू वर्षों से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए गांवों से कॉलेज तक बस सेवा संचालित कराने जैसे कार्यों को लेकर वे चर्चा में रहे हैं। पत्र में उन्होंने लिखा कि वे लंबे समय से समाज सेवा में जुटे हैं और हमेशा जनहित के मुद्दों को उठाते रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनकी पत्नी और बेटा भी राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं, जिससे परिवार पर संभावित खतरा और बढ़ सकता है। "यह शर्म की बात है कि जनता का प्रतिनिधि होने के बावजूद मुझे अपनी सुरक्षा के लिए सरकार से पनाह मांगनी पड़ रही है।

### कॉल की लोकेशन और स्रोत का पता लगाने में जुटी पुलिस

पुलिस सूत्रों के अनुसार विदेशी नंबर की तकनीकी जांच की जा रही है। साइबर सेल को भी मामले में लगाया गया है ताकि कॉल की लोकेशन और वास्तविक स्रोत का पता लगाया जा सके। ऑडियो मैसेज की फॉरेंसिक जांच भी करवाई जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जल्द ही धमकी देने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर बहस छेड़ दी है। अब नजर इस बात पर है कि पुलिस इस हाई-प्रोफाइल मामले में कितनी तेजी और प्रभावशीलता से कार्रवाई करती है।

# बेखौफ बदमाशों का तांडव

दिल्ली रोड पर देर रात चाकू दिखाकर लूटपाट

1. आईएमटी और ओमेक्स बाइपास बना बदमाशों का गढ़, रात ढाई बजे वारदात
2. पहले अपने ही साथी की गाड़ी में शराब पीकर हंगामा किया, गाड़ी फूंकी
3. इसके बाद दो पत्रकारों को मारने की धमकी देकर स्कूटी छीनकर भागे

*रोहतक में सुरक्षा व्यवस्था चौपट हो चुकी है, आमजन कहीं भी सुरक्षित नहीं है, आए दिन वारदातें हो रही हैं। लोग दहशत में हैं। रात को आईएमटी से लेकर दिल्ली बाइपास तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाने चाहिए और बीएमयू के पास स्थायी पुलिस नाका बनाया जाना चाहिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बदमाशों में पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। सरेराह वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। लोगों में दहशत का माहौल है। दरअसल, शहर के दिल्ली रोड पर बेखौफ बदमाशों ने मंगलवार को आधी रात के बाद जमकर तांडव मचाया। इस दौरान उन्हें पुलिस और कानून व्यवस्था का जरा भी डर नहीं लगा। चार बदमाशों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए पहले अपने ही साथी की गाड़ी में शराब पीकर हंगामा किया, फिर झगड़े के बाद गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे एक दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र के दो वरिष्ठ पत्रकारों को निशाना बनाते हुए चाकू दिखाकर उनकी स्कूटी छीनकर फरार हो गए। पूरी वारदात रात करीब 2:30 बजे बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी (बीएमयू) के पास हुई। घटना के दौरान इलाके में कोई पीसीआर या राइडर नजर नहीं आई। पीड़ितों ने डायल 112 पर कॉल किया, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पत्रकारों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, कुछ देर बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची



एआई जनरेट फोटो

### ऐसे शुरू हुआ हंगामा

- चार युवक अपने परिचित के साथ कार में दिल्ली रोड की तरफ आए थे। रास्ते में गाड़ी रोककर उन्होंने शराब पी।
- इसी दौरान किसी बात को लेकर चालक और युवकों के बीच कहासुनी हो गई।
- विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने उसे पीटा व जान से मारने की कोशिश की।
- हंगामे के बाद आरोपियों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। रात के सन्नाटे में धधकती गाड़ी व शोर-शराबे से आसपास के लोग सहम गए।

**सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे**

### पीसीआर की गैर मौजूदगी पर सवाल

घटना के समय इलाके में कोई पीसीआर या पुलिस राइडर मौजूद नहीं था। दिल्ली रोड, आईएमटी और ओमेक्स बाइपास जैसे इलाके पहले भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर चर्चा में रहे हैं। बावजूद इसके, रात में गश्त की व्यवस्था कमजोर नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि "रात को थाने जाना भी डरावना लगता है। अगर मुख्य सड़क पर ही ऐसी वारदात हो जाए और पुलिस नजर न आए, तो आम आदमी की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजिमी है।

#### यहां ज्यादा खतरा

पिछले कुछ महीनों में आईएमटी और ओमेक्स बाईपास क्षेत्र में लूट, छिनैती और नशे से जुड़ी घटनाएं बढ़ी हैं। देर रात सुनसान सड़कों का फायदा उठाकर बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि रात के समय इन इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। खासकर औद्योगिक क्षेत्र व विश्वविद्यालय के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी हैं।

संभलने का मौका तक नहीं मिला

### पत्रकारों को बनाया निशाना

इसी बीच वहां से गुजर रहे दो पत्रकारों को युवकों ने रोक लिया। बदमाशों ने तेजधार हथियार दिखाकर उनसे स्कूटी छीन ली और धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना इतनी अचानक हुई कि पीड़ितों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पत्रकारों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की।

#### बढ़ता डर, घटता भरोसा

लगातार हो रही घटनाओं से शहरवासियों में भय का माहौल है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या बदमाशों में पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है, अगर पत्रकार ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। दिल्ली रोड जैसी मुख्य सड़क पर ढाई बजे हुई इस वारदात ने एक बार फिर पुलिस व्यवस्था की पोल खोल दी है।

**मकड़ोली टोल प्लाजा के पास घटना**

# पेट्रोल पंप पर युवकों में मारपीट, 20 मिनट तक रहा ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**कुछ युवकों के बीच मामूली कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया और हो गया हंगामा**

**विवाद के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया, भारी भीड़ जुटी**

मकड़ोली टोल प्लाजा के नजदीक स्थित एक पेट्रोल पंप के बाहर उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब पेट्रोल भरवाने आए कुछ युवकों के बीच मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते झगड़े का रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ गया की करीब 20 मिनट तक ट्रैफिक जाम हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी, बाइक और कार सवार युवक पंप पर पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच बहस शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे गाली-गलौज और फिर हाथापाई तक पहुंच गई।

### यूं बढ़ा विवाद

पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बताया कि युवकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की, लेकिन भीड़ बढ़ने के कारण स्थिति पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। झगड़ा कार के पास सड़क किनारे चल रहा था, जिससे आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई।

### पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया

स्थिति बिगड़ती देख पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत कराया। पुलिस के आने से पहले करीब 20 मिनट तक युवकों के बीच तनातनी और हाथापाई चलती रही।

### पेट्रोल पंप के बाहर लगी वाहनों की लंबी कतार

इस दौरान पेट्रोल पंप के बाहर सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई। कई लोग झगड़ा देखने के लिए रुक गए, जिससे जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पहले झगड़े को शांत करवाया और बाद में ट्रैफिक को सुचारू रूप से चालू कराया।

# मेडिकल अफसर की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 15 को

450 रिक्त पदों के लिए 47 परीक्षा केंद्र बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा सरकार की तरफ से मेडिकल अफसर की भर्ती के लिए 15 फरवरी को लिखित परीक्षा का आयोजन सुबह 11: 30 बजे से 1 बजे तक करवाया जाएगा। जिसके लिए रोहतक जिले में 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशन पर मेडिकल अफसरों के 450 रिक्त पदों को भरने हेतु 15 फरवरी को लिखित परीक्षा का आयोजन करवाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा सुबह 11:30 बजे शुरू होगी, लेकिन उम्मीदवारों को सुबह 9 बजे सेंटर पर पहुंचना होगा और 11 बजे के बाद किसी को सेंटर के अंदर आने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाने के लिए पर्यवेक्षक व उडनदस्तों का गठन भी किया गया है जो सभी सेंटरों का दौरा करेंगे तथा रोहतक जिला प्रशासन को भी सूचित किया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि केंद्र पर हर उम्मीदवार की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। उम्मीदवार को एडमिट कार्ड के साथ एक फोटो वाला सरकार द्वारा जारी किया गया आईडी साथ लाना होगा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों को हिदायत दी जाती है कि अंगूठी, बाली, घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस किसी भी प्रकार का कोई गहना पहन कर ना आएं।

# घी चोरी की वारदात का खुलासा, 4 आरोपी धरे

**रोहतक।** पुलिस ने जनता कॉलोनी में स्थित एक गोदाम से हुई घी चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। जनता कॉलोनी निवासी सन्नी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायतकर्ता सन्नी ने नई जनता कॉलोनी में एक गोदाम बना रखा है, जिसमें वह देसी घी, रिफाइंड और सरसों का तेल सहित अन्य सामान रखता है। 10 फरवरी को सन्नी गोदाम बंद करके घर चला गया था। अगले दिन जब उसने गोदाम खोला तो वहां घी के खाली गत्ते पड़े मिले। गोदाम की जांच करने पर पता चला कि वहां से करीब 10 पेटी पतंजलि घी, 5 पेटी मधुसुदन घी और 7 अन्य पेटी घी चोरी हो चुकी थीं। पुलिस ने 10 फरवरी को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी पुत्र प्रकाश निवासी सल्लारा मोहल्ला, अभिषेक पुत्र अर्जुन, आकाश पुत्र धानु निवासी संजय नगर और नितिन पुत्र अनिल निवासी रैनकपुरा के रूप में हुई है।

# कर्मचारी संगठनों की हड़ताल आज जरूरी न हो तो सफर करने से बचें

**नए लेबर कोड और किसानों के हकों की रक्षा के लिए करेंगे प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नए लेबर कोड के विरोध में बृहस्पतिवार को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सभी तैयारियों को विभिन्न संगठनों ने बुधवार को अंतिम रूप दे दिया। जिले में हड़ताल का अच्छा खासा असर रह सकता है। बहुत जरूरी न हो तो अनावश्यक यात्रा से बचें। हड़ताल 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों द्वारा लोकतंत्र, श्रमिकों व किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए बुलाई गई है। इसके मद्देनजर रोडवेज, बिजली, और पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। कर्मचारी और मजदूर संगठन हड़ताल को सफल बनाने की पूरी कोशिक करेंगे। जिसकी वजह से रोडवेज बसों को लेकर लोगों को असुविधा हो सकती है। वहीं बिजली और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित होने का अंदेशा है। प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं और कर्मचारी नेताओं पर नजर रखी जा रही है। खुफिया विभाग और पुलिस हड़ताल के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। इसलिए लोगों के लिए सलाह है कि वह बैंक जाने और रोडवेज बसों में सफर करने से बचे।

**शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस की कार्रवाई**

# गाड़ी सवार युवक अवैध शराब सहित पकड़ा, 132 बोतल बरामद

**बाबा बालचंद चौक के पास गश्त के दौरान पकड़ा आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अलग-अलग ब्रांड की कुल 132 बोतल शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना शिवाजी कॉलोनी के प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सब-इंस्पेक्टर सुशील के नेतृत्व में पुलिस टीम बाबा बालचंद चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक अवैध शराब लेकर गाड़ी में आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रुपया चौक से बालचंद चौक की ओर आ रही संदिग्ध गाड़ी को रोककर जांच की। पूछताछ में युवक की पहचान सागर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव सुनारिया कलां के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर गाड़ी से अलग-अलग ब्रांड की कुल 11 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें 132 बोतल अवैध शराब मिली।

### पुलिस आरोपी से कर रही पूछताछ

इसके बाद पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

**डॉ. सविता सिंघल की पुस्तक का विमोचन, चिकित्सा जगत में अहम योगदान देगी**

# हार्मोन से संबंधित समस्या पीसीओडी के निदान की विधियां बताईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के स्त्री रोग विभाग की यूनिट हेड डॉक्टर सविता सिंघल द्वारा लिखी गई पुस्तक पीडियाट्रिक एंड एडोलिसेंट गायनेकोलॉजी का बुधवार को कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल और चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने विमोचन किया। इस पुस्तक में लड़कियों को स्त्री रोग से संबंधित समस्याओं की दी जानकारी दी गई है। हार्मोन से संबंधित समस्या पीसीओडी के निदान की विधियां बताई गई हैं। स्त्री रोग विभाग की यूनिट हेड और डीन छात्र कल्याण डॉ सविता सिंघल ने बताया कि वह इस पुस्तक की एडिटर हैं और डॉ मोनिका दलाल को-एडिटर हैं। पुस्तक में बाल्यावस्था और युवावस्था में लड़कियों के सामने आने वाली सभी स्त्री रोग विभाग की समस्याओं के बारे में लिखा गया है। बॉल्य और युवा अवस्था में लड़कियों को काफी स्त्री रोग से संबंधित समस्याएं आती हैं, तो ऐसे में इस पुस्तक में बताया गया है कि उसका क्या कारण हो सकता है और नई तकनीक से उसका क्या इलाज संभव है इसके बारे में सभी विस्तार से जानकारी उपलब्ध इस पुस्तक में करवाई गई है।

पुस्तक में स्त्री रोग से संबंधित समस्याओं की दी जानकारी



**रोहतक।** डॉ. सविता सिंघल की पुस्तक का विमोचन करते कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल,निदेशक डॉ. एसके सिंघल,चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. रमेश वर्मा व डॉ.मीनाक्षी। *फोटो : हरिभूमि*

### पुस्तक की प्रस्तावना एम्स नई दिल्ली के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ. जेबी शर्मा ने की

डॉ सविता सिंघल ने कहा कि अक्सर लड़कियों को हार्मोन से संबंधित समस्याओं की समस्या रहती है जैसे पीसीओडी आदि तो उसके बारे में भी इस पुस्तक में विस्तार से वर्णन किया गया है, वहीं इसके निदान की भी विधियां बताई गई हैं। डॉ सविता सिंघल ने बताया कि जो विद्यार्थी एमबीबीएस कर रहे हैं उनको नेशनल मेडिकल काउंसिल के हिसाब से ओएसकी डाला गया है जो की काफी मददगार होता है। सहायक लेखक डॉ मोनिका दलाल ने बताया कि इस पुस्तक की प्रस्तावना एम्स नई दिल्ली के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ जे बी शर्मा ने की है।

### कुलपति डॉ अग्रवाल ने दी बधाई

कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने डॉ सविता सिंघल और डॉ मोनिका दलाल को बधाई देते हुए कहा यह पुस्तक चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह पुस्तक युवावस्था में लड़कियों को होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूक करने में मदद करेगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमारे संस्थान के चिकित्सकों द्वारा पुस्तक लिखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा, डॉ. सविता सिंघल की यह पुस्तक स्त्री रोग विभाग में एक महत्वपूर्ण संसाधन होगी। यह पुस्तक चिकित्सा छात्रों और पेशेवरों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। डॉ. सिंघल ने बताया कि डॉ. सविता और डॉ. मोनिका की पुस्तक एमबीबीएस, एमडी, नर्सिंग, जनरल प्रैक्टिशनर और पैरामेडिकल के लिए काफी ज्ञानवर्धक साबित होगी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. रमेश वर्मा, डॉ मिनाक्षी, डॉ कृष्णा, डॉक्टर नीतू ,डॉक्टर अंजली भी उपस्थित रहे।

## नगर निगम आयुक्त ने शहर के कई इलाकों का किया निरीक्षण

# सफाई व्यवस्था में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

■ आमजन से अपील: सफाई संबंधी शिकायत के लिए 18001805007 और 8295900992 पर करें फोन



रोहतक। औचक निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा व संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में सफाई शाखा को शहर में बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, उसी कड़ी में वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3 मार्केट, सोनीपत रोड, दिल्ली रोड और भिवानी रोड सहित प्रमुख क्षेत्रों का दौरा किया गया।

निरीक्षण के समय सड़कों की सफाई, कचरा उठान, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता तथा सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई। जहां-जहां गंदगी, कचरा जमा या लापरवाही पाई गई, वहां संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त ने मौके पर ही स्पष्ट किया कि सफाई कार्य को गंभीरता से लिया जाए, कचरा निर्धारित स्थानों पर ही एकत्र किया जाए और उसका समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर बड़ी मात्रा में डिस्पोजल (एकल उपयोग प्लास्टिक व थर्माकोल) पाए गए, जिस पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सामुदायिक केंद्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित विवाह व सामाजिक कार्यक्रमों में केवल पुनः उपयोग योग्य बर्तनों का ही इस्तेमाल किया जाए। प्रतिबंधित डिस्पोजल का प्रयोग पाए जाने पर नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किए जाएंगे। साथ ही सामुदायिक केंद्र बुक करते समय आयोजकों से प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग न करने की सहमति लेना अनिवार्य होगा।

### सार्वजनिक स्थानों पर न फैलाएं कचरा

नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं, गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें और डिस्पोजल के उपयोग से बचें। कचरा उठान न होने पर 7303050200, 7303050800 और सफाई संबंधी शिकायत के लिए 18001805007 व 8295900992 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं एजेंसी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## निरंतर अभ्यास से निखरता है उत्कृष्ट लेखन : प्रो. आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ विद्यार्थियों को ट्रैवल, टूरिज्म, राइटिंग के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में अवगत कराया

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में पत्रकारिता-आधारित टूरिज्म और कुलिनरी राइटिंग पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। परवीन कुमार मोदी ने होटल एवं पर्यटन प्रबंधन के विद्यार्थियों को ट्रैवल, टूरिज्म और कुलिनरी राइटिंग के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। परवीन कुमार मोदी ने कहा कि भारत की यात्रा-कथाएं और भोजन-संस्कृति वैश्विक स्तर पर बड़ी संभावनाएँ रखती हैं। जरूरत है इनके प्रामाणिक दस्तावेज़ीकरण और प्रभावी प्रस्तुति की। उन्होंने विषय चयन, फील्ड ऑब्जर्वेशन, इंटरव्यू तकनीक, नोट्स-टेकिंग और मानवीय शैली में कहानी कहने पर उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने विकसित भारत 2047 के संदर्भ में कहा कि कुलिनरी और ट्रैवल राइटिंग सांस्कृतिक ब्रांडिंग और राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम बन सकती है। प्रो. आशीष दहिया निदेशक जनसंपर्क ने कहा कि उत्कृष्ट लेखन निरंतर अभ्यास से निखरता है और अमृतकाल में भारतीय पाक-परंपराओं का संरक्षण व दस्तावेज़ीकरण समय की आवश्यकता है।

## वस्तु और सेवाएं लेते समय आवश्यक सावधानियां बरतें उपभोक्ता : डॉ. जून

■ छोटू राम विधि संस्थान ने मायना में लगाया विधिक सहायता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



छोटू राम विधि संस्थान द्वारा मायना गांव में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी विषयों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव जून ने विधिक शिविर के लिए प्राध्यापकों व छात्रों की टीम को रवाना किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को विधिक सहायता की जानकारी, पात्रता, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत अधिकारों और वस्तु या सेवा लेते समय आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण से जुड़े कानूनी प्रावधानों और दैनिक जीवन में आने वाली कानूनी प्रक्रियाओं पर भी चर्चा की गई। लीगल एड संयोजक डॉ. जोगेंद्र मोर ने बताया कि प्रत्येक विधिक शिक्षण संस्थान में विधिक परामर्श केंद्र स्थापित होता है, जहां कोई भी व्यक्ति कानूनी जानकारी व सहायता प्राप्त कर सकता है। प्राध्यापकों में डॉ. नरेश देशवाल ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, डॉ. यशवेन्द्र राठी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और डॉ. दुष्यंत हुड्डा ने भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दी।

## एआई आधुनिक शोध का सशक्त साधन

■ मदवि के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते सिद्धार्थ कादयान।

महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग में बुधवार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिद्धार्थ कादयान ने कहा कि एआई आधुनिक शोध का सशक्त साधन है, किंतु इसका उपयोग शैक्षणिक ईमानदारी, मौलिकता और नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। शोध में एआई का प्रयोग सहायक उपकरण के रूप में किया जाए, न कि मानवीय चिंतन के विकल्प के रूप में।कार्यशाला के दौरान व्हिमसिकल एआई, कंसेंसस, एलिकिट एआई तथा पब्लिश और पेरिश जैसे विभिन्न शोध-सहायक उपकरणों का परिचय कराया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. गुलाब सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है।

## पंडित दीनदयाल के सपने को पूरा कर रही भाजपा : मनीष ग्रोवर



रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने दिल्ली रोड स्थित कैम्प कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंघ की स्थापना करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना और उनके विचार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का था, जिसे 2014 के बाद केंद्र और हरियाणा में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पूरा किया। आज केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ हर गरीब व्यक्ति तक पहुंच रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद दलाली तंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है। विपक्ष ने जी जन धन योजना का मजाक उड़ाया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा ने भी अपने विचार रखें। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी, पूर्व पार्षद राधेश्याम ढल, अजय निझावन, पंकज आनंद, संजय वर्मा, अनिल नांदल, ईश्वर सिंगल, विकास बंसल, रानी किराड़, तरुण ढुआ, रिंकू कपूर, सोनू सहगल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

## सुमिक्षा मिस फेयरवेल व रिदम बने मिस्टर फेयरवेल

■ एचडी स्कूल खेड़ी महम में हुई विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। विदाई समारोह में नृत्य करतीं एचडी स्कूल खेड़ी महम की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

खेड़ी महम स्थित एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत, नृत्य और प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अनुभव सांझा किए । इस दौरान मिस फेयरवेल सुमिक्षा व मिस्टर फेयरवेल रिदम व मिस ऑल राउंडर नवीना व मिस्टर ऑल राउंडर विनीत चुने गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता व निदेशक कुलवंत नहरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ते हुए विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर के साथ समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय मंगल कमल में कार्यक्रम

# एकात्म मानववाद आज भी नीति और राष्ट्रनिर्माण का मार्गदर्शक

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी, अंत्योदय के संकल्प को दोहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा कार्यालय मंगलकमल में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया गया।
संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सोनीपत नगर निगम के महापौर और वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का "एकात्म मानववाद" आज भी देश की नीतियों और समाज के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय चिंतन को आधार बनाकर ऐसा दर्शन दिया, जिसमें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को एक जीवंत इकाई के रूप में देखा गया। उनका 'अंत्योदय' का विचार केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की मूल भावना है- समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति ही लोकतंत्र की असली ताकत है और विचारधारा ही हमारी पहचान है। कार्यक्रम के संयोजक मनोनीत पार्षद अशोक वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण है। सहसंयोजक अंकित शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, दीपक हुडा, नरेंद्र वत्स, जिला महामंत्री नितिन जैन, अभिनन्दन भारद्वाज,नवीन ढुल, प्रतिभा सुमन, रमेश बोहर, पंकज भारद्वाज, नरेंद्र खट्टर, सरिता नारायण, देवराज सांपला,आशा शर्मा, वीर सिंह हुड्डा, चंद्रेश कपूर, बंसी विज, संगीता सिंघल, जितेंद्र कौशिक, रणवीर सिंह, आजाद सिंह तोबडिया, उर्मिला रईस, जयसिंह लकड़ा, ज्योत्सना रोहिल्ला, धर्मवीर शर्मा, सतीश कौशिक, सूबेदार धर्मवीर सिंह, राज सिंह अंबेडकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा कार्य पहुंचाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता।

चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी



## जिले के 2 छात्र वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल के कार्यक्रम में भाग लेंगे

■ जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव आयोजित किया गया। इसके लिए जिला के 157 राजकीय विद्यालयों के कुल 2693 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया था। कार्यक्रम में चयनित 164 विद्यार्थियों ने अपने एस्कॉर्ट्स के साथ प्रातः 9 बजे विद्यालय परिसर में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का मूल्यांकन तीन प्रमुख गतिविधियों कविता लेखन, निबंध लेखन एवं चित्रकला के माध्यम से किया गया। सभी गतिविधियों की थीम विकसित भारत 2047 तथा मुझे प्रेरणा के लिए क्यों चयन किया जाए निर्धारित की गई थी। विद्यार्थियों ने निर्धारित विषयों पर सृजनात्मकता, वैचारिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक द्वारा नामित मूल्यांकन समिति ने प्रतिभागियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन किया। कुल 164 विद्यार्थियों में से प्राप्त अंकों के आधार पर 30 का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार विशेषज्ञ पैनल द्वारा आयोजित किया गया। अप्रैल में गुजरात राज्य के वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल में सहभागिता के लिए अंतिम रूप से एक छात्र एवं एक छात्रा का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रेरणा स्कूल में आयोजित विशेष आवासीय कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### पर्यटन स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाएगा

विद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इन छात्रा को गुजरात के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। जिससे उनके व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी।

**जागरूकता** बाबा मस्तनाथ विवि में साइबर लॉ और डिजिटल युग पर विशेष व्याख्यान

# साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और आईटी एक्ट भी जानें : डॉ. तनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'साइबर लॉ और डिजिटल युग में कानूनी जागरूकता' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे जुड़े कानूनों के प्रति जागरूक करना था। यह आयोजन विश्वविद्यालय के साइबर सेल एवं लीगल एड क्लब की ओर से माननीय कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) बी. एम. यादव और रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जगन्नाथ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तनु अरोड़ा ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और आईटी एक्ट से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। आज के समय में पढ़ाई, बैंकिंग, खरीदारी और संवाद का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन हो चुका है। ऐसे में साइबर कानूनों की जानकारी जरूरी है। उन्होंने छात्रों को मजबूत पासवर्ड रखने, निजी जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी।

### कानूनी जागरूकता समय की मांग

कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. सीमा देवी ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए कानूनी जागरूकता समय की मांग है। विभाग के डीन डॉ. मनीष दलाल और डॉ. प्रमिला कार्यक्रम के संयोजक रहे। डॉ. दलाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें वर्तमान परिस्थितियों और चुनौतियों के प्रति भी सजग बनाया जाए। व्याख्यान के दौरान छात्रों ने साइबर अपराध से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम में डॉ. रितु, डॉ. राजरानी, डॉ. नेहा, डॉ. विनती, डॉ. सोनिया, डॉ. हरविंदर सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पं दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राष्ट्रवाद को सांस्कृतिक दृष्टि से परिभाषित किया: अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि अजय कुमार व प्रो. सीता राम व्यास का स्वागत करते लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया,डॉ. एसएस चाहर, डॉ. जगबीर नरवाल व डॉ. समुंदर सिंह। फोटो :हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर- पं दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अजय कुमार ने पं दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य उनके विचारों और दृष्टिकोण के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के अध्यक्ष एवं लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण देते हुए व्याख्यान की रूपरेखा प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि प्रो. सीता राम व्यास ने अपने मार्मिक उद्बोधन में पं दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं दर्शन पर प्रकाश डाला। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेंटर फॉर स्किल एंड वोकेशनल एजुकेशन के निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ. एस.एस. चाहर, डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. समुंदर सिंह, डॉ. सुमन लता सहित शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पेंशन बंद करना बुजुर्गों के आत्मसम्मान पर चोट : एडवोकेट बल्हारा

**महम।** इनेलो नेता एडवोकेट विपिन बल्हारा ने कहा कि हरियाणा में बुजुर्गों को सम्मान और सुरक्षा देने की जो परंपरा जननायक ताऊ देवीलाल ने शुरू की थी,आज भाजपा सरकार उसे कमजोर करने का काम कर रही है। बुजुर्गों की पेंशन काटकर भाजपा सरकार उनके आत्म सम्मान पर सीधा हमला कर रही है। जिसे इनेलो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। एडवोकेट विपिन बल्हारा ने कहा इनेलो हमेशा गरीब, किसान, मजदूर व बुजुर्गों की आवाज उठाती आई है। किसी भी सूरत में हमारे बुजुर्गों का हक छीनने नहीं दिया जाएगा। विपिन बल्हारा ने जानकारी दी कि 20 फ़रवरी को पंचकूला में इनेलो जोरदार प्रदर्शन करेगी। जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा भाग लेंगे जो भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक मज़बूत संदेश देगा।



### एमडीयू में अंतर-महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 20 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत अंतर-महाविद्यालय बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 21 फरवरी तक विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। यह जानकारी खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 फरवरी को प्रातः 9 बजे होगा, जबकि चयन ट्रायल 21 फरवरी को अपराह्न 3 बजे आयोजित किए जाएंगे।

### ऑपन हॉकी प्रतियोगिता महम में कल से

**महम।** कस्बा महम के भिवानी रोड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 13, 14 व 15 फरवरी को ऑपन हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। हॉकी कॉच राजपाल सिवाच ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, दूसरा पुरस्कार 31 हजार, तीसरा पुरस्कार 21 हजार और चौथा पुरस्कार 11 हजार रुपए रखा गया है।

# सुपवा में पहुंची निशा शर्मा की दो टूकः फॉलोअर्स नहीं, साधना बनाती है कलाकार

## गोबर-कीचड़ खाकर सोशल मीडिया पर वायरल होना कलाकारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) में पहुंचीं कलाकार निशा शर्मा ने कला और कलाकार की परिभाषा पर खुलकर बात की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि गोबर या कीचड़ खाकर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाना कलाकारी नहीं कहलाता। कलाकार बनने के लिए वर्षों की साधना, मेहनत और समाज के प्रति जिम्मेदारी जरूरी होती है। आज के दौर में केवल फॉलोअर्स की संख्या बढ़ जाने से कोई कलाकार नहीं बन जाता।

निशा शर्मा ने कहा कि मौजूदा समय में यह धारणा बनती जा रही है कि जिसके दो लाख या उससे ज्यादा फॉलोअर्स हैं, वही कलाकार है, जबकि सच्चाई इससे कहीं अलग है। कलाकार वह होता है, जिसका दौर आता है और वह दौर सिर्फ कुछ दिनों का नहीं, बल्कि लंबे समय तक याद रखा जाता है। उसकी कला समाज को कुछ कहती है, कोई संदेश देती है और सोचने पर मजबूर करती है।

उन्होंने आज के सिनेमा और पुराने दौर की तुलना करते हुए कहा कि पहले कलाकारों के लिए रास्ता बेहद कठिन हुआ करता था। एक पहचान बनाने में सालों लग जाते थे, लेकिन आज डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के कारण मौके ज्यादा हैं और साधन भी आसानी से उपलब्ध हैं।

आज कलाकार के पास अपनी कला दिखाने के लिए कई मंच हैं, लेकिन चुनौती यह है कि वह इन मंचों का इस्तेमाल किस उद्देश्य से करता है- सिर्फ दिखावे के लिए या समाज से संवाद के लिए।

### कला को शॉर्टकट से नहीं समर्पण और ईमानदारी से अपनाएं

उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे कला को शॉर्टकट से नहीं, बल्कि समर्पण और ईमानदारी से अपनाएं। निशा शर्मा के शब्दों में, "कला ट्रेंड से नहीं चलती, वह समय से चलती है। जो कला समय की कसौटी पर खरी उतरती है, वही असली पहचान बनाती है।" सुपवा में मौजूद छात्रों के लिए उनका यह संदेश प्रेरणा से कम नहीं था।



कलाकार निशा शर्मा

### सामाजिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील और प्रासंगिक फिल्म अप्रैल तक

बातों-बातों में निशा शर्मा ने अपनी आने वाली फिल्म का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अप्रैल तक उनकी नई फिल्म 'सूरज लव मीनाक्षी' रिलीज होने वाली है। यह एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म होगी, जिसका विषय सामाजिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील और प्रासंगिक है। फिल्म में यह सवाल उठाया गया है कि समगांव और समगोत्र विवाह करना चाहिए या नहीं, और अगर नहीं करना चाहिए तो उसके पीछे कारण क्या हैं। निशा शर्मा ने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में चल रही एक महत्वपूर्ण बहस को सामने लाने का प्रयास है। फिल्म का निर्देशन कैशव कादियान कर रहे हैं, जिन्होंने विषय को संवेदनशीलता और गहराई के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की है।

## तीसरे दिन थियेटर, संगीत, नृत्य, कविता और कला प्रदर्शनी ने बांधा समां

# 'भारंगम' व 'सारंग' ने डीएलसी सुपवा परिसर को सांस्कृतिक उत्सव में बदला







**रोहतक।** सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रतिभागी, दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में मौजूद मुख्य अतिथि, कुलपति व विद्यार्थी तथा नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) इन दिनों कला, संस्कृति और रचनात्मकता के जीवंत केंद्र के रूप में उभर कर सामने आई है। विश्व के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल भारत रंग महोत्सव (भारंगम) के साथ यूनिवर्सिटी के अपने महोत्सव 'सारंग' ने मिलकर पूरे परिसर को सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया है। बुधवार को दोनों महोत्सवों का तीसरा दिन रहा, जो पूरी तरह थियेटर, सुर, लय, ताल, कविता और दृश्य कला के नाम रहा।

हरियाणवी कलाकार एवं एमडी यूनिवर्सिटी के पूर्व डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ जगबीर राठी, हरियाणा कला परिषद से नरेंद्र शर्मा और समाजसेवी विक्रांत वीर की मौजूदगी में तीसरे दिन की शुरुआत हुई। दोपहर के सत्र में अभिनेता पंकज बैरी, अभिनेत्री सुमित्रा हुड्डा पेडनेकर (भूमि पेडनेकर की मां), अभिनेता सुनील चितकारा और यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र व प्रसिद्ध हरियाणवी गायक मासूम शर्मा मंच पर पहुंचे। शाम के सत्र में डीजीपी जेल आलोक मित्तल और जींद यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. रामपाल सैनी उपस्थित रहे। एफटीवी डिपार्टमेंट के कोर्टयार्ड में बने ओपन स्टेज पर 'सारंग' से जुड़ी गतिविधियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। यह दिन खासतौर पर डीएलसीसुपवा के वर्तमान और पूर्व छात्रों के नाम रहा। सुबह का सत्र रागों और तबले की मधुर थाप के साथ शुरू हुआ, जहां छात्र अभय सिंह राजपूत ने कई रागों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। अनूप और शिवम ने उनका साथ दिया। इसके बाद छात्रों की ग़ज़ल प्रस्तुति ने माहौल को और संजीदा बना दिया। दोपहर में म्यूजिक बैंड ने अलग-अलग गीतों की धुनों से समां बांधा, जबकि डिजाइन डिपार्टमेंट की छात्रा अनुष्का ने भरतनाट्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कवि अंकित और ललित की 'पैगाम-ए-मोहब्बत' की म्यूजिकल कविता, पूर्व छात्र अजहरुद्दीन की शब्द यात्रा और मासूम शर्मा के गीतों ने छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डॉ जगबीर राठी के चुटकुलों ने माहौल को हल्का-फुल्का और जीवंत बना दिया।

### 'उमर का परवाना' का प्रभावशाली मंचन

*शाम को 'भारंगम' के मंच पर नाटक उमर का परवाना का प्रभावशाली मंचन हुआ। कुलगुरु डॉ अमित आर्य और रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मिनोचा ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही प्रदेश भर के रंगमंच कलाकारों को सम्मानित करने का सिलसिला भी जारी रहा। महोत्सव के दौरान डिपार्टमेंट ऑफ डिजाइन में लगी आर्ट गैलरी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। पेंटिंग, स्कल्पचर, थ्री-डी आर्ट, टेराकोटा, जूट और कागज से बनी कलाकृतियां, स्लोगन राइटिंग और एनिमेशन पेंटिंग्स ने छात्रों की सोच, संस्कार और जीवन दृष्टि को बखूबी दर्शाया। फैशन व लाइफस्टाइल के छात्रों द्वारा की गई फैशन फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी खास रही, जो 10 दिवसीय वर्कशॉप का परिणाम थी।*

### सुपवा हरियाणा में कला-संस्कृति के महायज्ञ की शुरुआत

*डॉ जगबीर राठी ने सुपवा को हरियाणा में कला-संस्कृति के महायज्ञ की शुरुआत बताया, वहीं कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि यूनिवर्सिटी को टॉप संस्थानों में ले जाने का रोडमैप तैयार है। गुरुवार को महोत्सव का समापन होगा, जिसमें असम के शास्त्रीय नृत्य सत्तरिया, दिल्ली के बैंड और श्रीलंका के नाटक कोलंबा हठे थोरणा की प्रस्तुति दर्शकों को यादगार अनुभव देगी।*

### 100 मीटर दौड़ में पीएमश्री के चंदन रहे प्रथम



**रोहतक।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम में बुधवार को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें पीएमश्री विद्यालयों के 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छह पीएमश्री विद्यालयों से कक्षा छठी से 8वीं वर्ग व 9वीं-11वीं कक्षा वर्ग के 8 खेल स्पर्धाएं हुईं। पीएमश्री विद्यालयों की जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में कक्षा छठी से 8वीं कक्षा पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में पीएमश्री गांधी नगर के चंदन ने प्रथम,पीएमश्री टिटौली के राजीव ने दूसरा व पीएमश्री महम के परशुराम ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में पीएमश्री टिटौली की शिवानी प्रथम, पीएमश्री सांपला की दिव्या दूसरे व महम की किरण तीसरे स्थान पर रहीं। जिला सह परियोजना समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि महिला कक्षा छठी से 8वीं महिला वर्ग के 100 मीटर दौड़ में पीएमश्री टिटौली की शिवानी प्रथम, पीएमश्री सांपला की दिव्या दूसरे व महम की किरण तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड में निशा प्रथम, तन्नू दूसरे व महक तीसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर में वंदना प्रथम, सपना दूसरे व हीना तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद में काजल प्रथम, पलक दूसरे व वंशिका तीसरे स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो में निशू प्रथम, शाबनम दूसरे व भावना तीसरे स्थान रहीं। शॉट पुट में नाव्या प्रथम, अंशिका दूसरे व आरती तीसरे स्थान पर रहीं। ऊंची कूद में रिधी प्रथम, कोमल दूसरे व प्रिया तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक सुमन हुड्डा, प्राचार्य सरोज नारा, एसडीई अनिल दूहन, रेफरी राजेश कुमार, भगत सिंह व राजपाल मौजूद रहे।



### आर्यन ग्लोबल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन और मंगलकामनाओं के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना की गई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों ने समारोह को यादगार बना दिया। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य आर के खन्ना और सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके आगामी जीवन और बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ व आशीर्वाद दिया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और अच्छे संस्कारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया और उन्हें विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने स्कूल जीवन की यादों को साझा किया और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कई क्षण भावुकता से भरे रहे, जब विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### एकल नृत्य प्रतियोगिता में ऋतु रही प्रथम

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में प्राचार्य इंदु सपरा के कुशल निर्देशन में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम तरंग–2026 के द्वितीय दिवस का सफल आयोजन किया गया। सभी विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि राजेश नांदल और प्राचार्या द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में छात्राओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में ऋतु ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हिमांशी दूसरे और प्रिया तीसरे स्थान पर रहीं। गायन प्रतियोगिता में अपनी सुरीली आवाज़ का जादू बिखेरते हुए शिवानी ने प्रथम, वीनू ने द्वितीय और सोमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल स्पर्धा के लिए भारत की टीम में हुआ रोहतक व सोनीपत के चार खिलाड़ियों का चयन

- मनोज राठी और पायल भारद्वाज नेकीराम कॉलेज व सोनी मान जाट कॉलेज रोहतक के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोनीपत व रोहतक के चार होनहार खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता के लिए भारत की टीम में चयन हुआ। यह प्रतियोगिता दुबई में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। चयनित खिलाड़ियों में नेकीराम कॉलेज रोहतक से मनोज राठी व पायल भारद्वाज का चयन हुआ है। वहीं, जाट कॉलेज रोहतक से सोनी मान और हिंदू कॉलेज सोनीपत से अमन शर्मा का चयन हुआ। इन सभी खिलाड़ियों ने सेस्टोबॉल खेल में शानदार प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया है कि हरियाणा के युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

दुबई में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में इन चारों खिलाड़ियों का चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह सफलता न केवल उनके परिवारों और कॉलेजों के लिए सम्मान की बात है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनेगी।



**रोहतक।** चयनित खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*



### मां की याद में किया पौधरोपण

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सैनी सोसाइटी के सदस्य सुनील सैनी की मां के स्वर्गवास के उपरांत उनकी पावन स्मृति में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रेरणा लेते हुए परिवार ने महाविद्यालय परिसर में पौधा लगाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा व भाजपा के युवा नेता हिमांशु ग्रोवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अपनों की याद में वृक्ष लगाना समाज के लिए सबसे उत्तम संदेश है। कार्यक्रम में सैनी परिवार के बच्चों, अंश सैनी और जावेश सैनी ने अपनी दादी माँ की याद में बड़े ही उत्साह के साथ पौधा रोपा।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- ACCOUNTANT 1
- COMPUTER OPERATOR 2
- RECEPTION 2
- WARD BOY 4
- SWEEPER 2

## इंटर कॉलेज स्पर्धा में कई कॉलेजों के मुक्केबाजों व मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल

# ताइक्वांडो में अरमान, विशु, देव, दीपांशु, पीयूष व प्रियांशु अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के मुक्केबाजों और मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। 54 किलोग्राम भार वर्ग में जी.सी. दुजाना के अरमान यादव ने प्रथम, गुरु नानक सोनीपत के ऋषभ दूसरे व एलएन हिंदू कॉलेज के रुद्राक्ष और एमडीयू कैंपस के साहिल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच अशोक ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि 63 किग्रा भार वर्ग में जी.सी. बहादुरगढ़ के विशु ने पहला, जाट कॉलेज के आर्यन तंवर ने दूसरा और नेकी राम कॉलेज के वंश हुड्डा व विद्यावती संस्कृति कॉलेज के दीपक ने तीसरा स्थान हासिल किया।



**रोहतक।** इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

68 किग्रा वर्ग में जाट कॉलेज के देव यादव विजेता बने, जबकि नेकी राम कॉलेज के लकी राठी दूसरे और बहादुरगढ़ के साहिल व दुजाना के कृष्ण तीसरे स्थान पर रहे। 74 किग्रा वर्ग में एमडीयू कैंपस के दीपांशु ने पहला, नेकी राम कॉलेज के पंकज ने दूसरा और डीएवी फरीदाबाद के रोहित व जाट कॉलेज के दीपांशु ने तीसरा स्थान हासिल किया।

80 किग्रा भार वर्ग में नेकी राम कॉलेज के पीयूष प्रियम ने प्रथम, जी.सी. झज्जर के नवनीत दूसरे और जाट कॉलेज के दुष्यंत व डीएवी फरीदाबाद के नितेश तीसरे स्थान पर रहे। 87 किग्रा भार वर्ग में जी.सी. दुजाना के प्रियांशु चौहान ने पहला, जाट कॉलेज के राहुल सिंह को दूसरा ने दूसरा व नेकी राम कॉलेज के अंकुश और एमडीयू कैंपस के सार्थक आर्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### इंटर स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप में पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज को तीसरा स्थान

**रोहतक।** डायरेक्टर जनरल हायर एजुकेशन विभाग द्वारा प्रायोजित एवं गवर्नमेंट कॉलेज भेरियाँ कुरुक्षेत्र की ओर से आयोजित इंटर स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में टीम ने अपने दमदार खेल, अनुशासन और खेल भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया और पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपये की नकद राशि प्राप्त की।इस शानदार उपलब्धि का श्रेय टीम के इंचार्ज डॉ. राजेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) को जाता है, जिनके कुशल मार्गदर्शन, अनुशासनात्मक नेतृत्व और निरंतर प्रेरणा से खिलाड़ियों ने मैदान पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम की सफलता के प्रमुख प्रेरणास्रोत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सांगवान रहे।



**रोहतक।** विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सांगवान व अन्य कोच।



**रोहतक।** जीत के बाद मौजूद भारती अकादमी की टीम।

### गोयल समर क्रिकेट कप में भारती क्रिकेट अकादमी ने आरसीए दिमाना को दो विकेट से दी शिकस्त

**रोहतक।** 22 याड्‌र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए गोयल समर क्रिकेट कप अंडर-16 के फाइनल मुकाबले में भारती क्रिकेट अकादमी ने रोमांचक मुकाबले में आरसीए दिमाना को 2 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर भारती क्रिकेट अकादमी ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए आरसीए दिमाना की टीम 42.3 ओवरों में 175 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से सांचित चाहर ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 85 गेंदों पर 62 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल था। उनके अलावा सागर ने 83 गेंदों पर 39 रन और । भारती क्रिकेट अकादमी की ओर से सैयांश वोहरा और हार्दिक पंवार ने 4-4 विकेट लिए। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारती क्रिकेट अकादमी की शुरुआत लड़खड़ा गई, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज़ों ने संयम दिखाया। ओजस दुल ने 88 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए, जबकि यशवर्धन राठी ने 40 गेंदों पर 33 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। प्रयांश चौधरी ने भी 87 गेंदों पर 32 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

## खबर संक्षेप



### बोहर व सनसिटी में तोड़े पक्के अवैध निर्माण

**रोहतक।** प्रशासन ने बुधवार को गांव बोहर में 1.25 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में कच्चा रोड नेटवर्क तथा सन सिटी सेक्टर-35 में प्लॉट संख्या सी-32 के पीछे एक अवैध निर्माण को तोड़ा। इस दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय स्टॉफ तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें।

### दो युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है और उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एवीटी एवं पी.ओ स्टाफ के प्रभारी उपनिरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर अश्वनी के नेतृत्व में पुलिस टीम नया बस स्टैंड चौक महम के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए महम-लाखनमाजरा रोड पर खेड़ी महम पावरहाउस के पास एक संदिग्ध युवक को काबू किया गया।

### बसपा की जिला स्तरीय बैठक महम में आज

**महम।** वीरवार 12 फरवरी को सुबह 11 बजे महम के गुरु रविदास मंदिर में बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर, प्रदेश प्रभारी दलबीर भान, प्रदेश सचिव विनय बौद्ध, जॉन प्रभारी सुरेश जांगड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम निगाना, जिला अध्यक्ष हवा सिंह बौद्ध समेत कई पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

## जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य, दूसरे जिलों से आने वाली एम्बुलेंस को तुरंत मिलेगा रास्ता

# झज्जर बाइपास से पीजीआई इमरजेंसी तक बनेगी सड़क

**मदवि की ओर से भी मिली मंजूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस तक मरीजों को समय पर पहुंचाने की दिशा में बड़ी राहत देने वाला निर्णय लिया गया है। झज्जर बाइपास से सीधे पीजीआई के आपातकालीन विभाग तक नई सड़क के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) की ओर से स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इस सड़क के बन जाने से दूसरे जिलों से आने वाली एम्बुलेंस को शहर के जाम से नहीं जूझना पड़ेगा और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। जल्द ही सरकार की तरफ से राशि भेजी जाएगी और सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

■ मरीजों की बच सकेगी जान, करीब डेढ़ किलोमीटर लम्बी बनेगी सड़क

दरअसल, झज्जर, जींद, सोनीपत, हिसार, भिवानी और दिल्ली की ओर से आने वाली एम्बुलेंस को शहर के भीतरी हिस्सों से होकर गुजरना पड़ता है। खासकर दिल्ली बाइपास से लेकर मेडिकल मोड़ तक अक्सर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। मेडिकल मोड़ पर वाहनों की अधिक संख्या के कारण कई बार एम्बुलेंस को 20 से 25 मिनट तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। इस देरी के चलते गंभीर मरीजों के उपचार में विलंब हो जाता है, जो कई बार जानलेवा भी साबित होता है।

नई प्रस्तावित सड़क झज्जर बाइपास से सीधे पीजीआई के आपातकालीन विभाग तक पहुंचेगी। मदवि के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह की ओर से इस सड़क को मंजूरी मिल गई है। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। सड़क बनने से एम्बुलेंस को वैकल्पिक और सुगम मार्ग मिलेगा। शहर के मुख्य बाजारों और व्यस्त चौराहों से गुजरने की आवश्यकता नहीं रहेगी। अधिकारियों के अनुसार, इस सड़क के निर्माण से एम्बुलेंस का सफर न केवल सुरक्षित होगा बल्कि समय भी काफी कम लगेगा।




### इन जिलों से आते हैं मरीज

पीजीआईएमएस रोहतक में सिर्फ रोहतक ही नहीं, बल्कि झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी, हिसार, सिरसा, जींद, सोनीपत, करनाल, कैथल और यमुनानगर जैसे कई जिलों से हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं। इन जिलों से हार्ट अटैक के मरीज, प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिलाएं, सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल लोग और अन्य आपातकालीन स्थिति वाले मरीज पीजीआई रेफर किए जाते हैं। ऐसे मामलों में हर मिनट मूल्यवान होता है और समय पर इलाज मिलना जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय कर सकता है।

### गोल्डन आवर में मिलेगा इलाज

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि नई सड़क के बनने से 'गोल्डन आवर' में मरीजों को इलाज मिल सकेगा। इससे न केवल मृत्यु दर में कमी आएगी, बल्कि गंभीर मरीजों की स्थिति भी समय रहते संभाली जा सकेगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मंजूरी मिलने के बाद अब तकनीकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सड़क के निर्माण में आधुनिक मानकों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। ऐसे में झज्जर बाईपास से पीजीआई आपातकालीन विभाग तक बनने वाली यह सड़क हजारों मरीजों के लिए जीवन रेखा साबित हो सकती है और रोहतक के स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करेगी।

### यहां लगता है जाम, फंस जाती थी एम्बुलेंस

जींद, कैथल और गोहाना रोड की ओर से आने वाले मरीजों को कम से 20 से 25 मिनट शहर के जाम से निकलने में लग जाती हैं। यही हालत सोनीपत, हिसार, भिवानी और झज्जर से आने वाले मरीजों का है। दिल्ली बाईपास से लेकर मेडिकल मोड़ तक काफी जाम होता है। मेडिकल मोड़ पर बहुत ज्यादा वाहन होते हैं। जिसमें अक्सर एम्बुलेंस फंसी रहती है।

### पूर्व सहकारिता मंत्री ने उठाई थी विधानसभा में मांग

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने विधानसभा में 2014 से 2019 के बीच रहे कार्यकाल के दौरान पीजीआई के लिए नई सड़क बनाने की मांग उठाई थी, जिसे विगत वर्ष 2025 में सरकार ने मंजूर कर लिया था। अब सरकार ने योजना को सिरे चढ़ाने के लिए गठित कमेटी में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर, एमडीयू व पीजीआई का एक-एक प्रतिनिधि भी शामिल किया गया है। डेढ़ किमी लंबी इस सड़क को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के पीछे झज्जर रोड पर रेलवे लाइन पर बने फ्लाईओवर के नीचे से सीधा पीजीआई से जोड़ा जाएगा।

### पुनर्निर्माण पर होंगे करोड़ों खर्च

महापौर ने बताया कि सेक्टर-2 और सेक्टर-3 (पार्ट) की क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण पर लगभग 1.54 करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराया जाएगा। वहीं सेक्टर-2 की सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों पर करीब 2.05 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लंबे समय से इन क्षेत्रों की सड़कें बदहाल स्थिति में थीं, जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इन सड़कों के सुधरने से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि क्षेत्र की स्वच्छता और सौंदर्यकरण में भी सुधार आएगा।

### ये बोले निगम कमिश्नर

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि निगम द्वारा सभी विकास कार्य पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरे कराए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड का समान विकास सुनिश्चित करना है।



रोहतक। नारियल तोड़कर शुभारंभ करते महापौर रामअवतार वाल्मीकि।

## करोड़ों की लागत से सड़कों का जाल रोहतक में विकास को मिली रफ्तार

■ महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने किया विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ, यातायात व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने और नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित व सुगम आवागमन सुविधा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की लागत से सड़क एवं रास्तों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया है। इन विकास कार्यों का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया गया, जिसमें नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा, वार्ड सदस्य, निगम के वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।

महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि नगर निगम रोहतक शहर के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम के बाद शहर की कई सड़कों की हालत काफी खराब हो गई थी, जिससे आमजन को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण की व्यापक योजना तैयार की गई है। वार्ड नंबर 4 और 5 के अंतर्गत आने वाले रेवेन्यू रास्ते पर लगभग 1.06 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा।

### पावर हाउस से लाल कुआं तक सड़क निर्माण कार्य

इसके अतिरिक्त मॉडल टाउन क्षेत्र में पावर हाउस से लाल कुआं तक सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा, जिस पर लगभग 43.25 लाख रुपये की लागत आएगी। यह मार्ग मॉडल टाउन और आसपास के इलाकों के लिए एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था पहले से अधिक सुचारु हो सकेगी।

## बच्चे देश का भविष्य, स्मार्ट बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास रूम जरूरी : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि स्मार्ट बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास रूम की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त शिक्षा अत्यंत जरूरी है।

विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए स्कूल शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाना होगा और स्मार्ट क्लास रूम इस दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे। वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा सीएसआर योजना के तहत यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में स्थापित किए गए पांच स्मार्ट क्लास रूम एवं नर्सरी व केजी कक्षाओं में एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग सुविधा के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। इस परियोजना पर लगभग 5 लाख रुपये की लागत आई है। भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में आधुनिक तकनीक का समावेश बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास रूम न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया को भी अधिक रोचक और प्रभावी बनाते हैं।



रोहतक। कैंपस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

## मनरेगा श्रमिकों को नहीं मिली तालाब खुदाई की दिहाड़ी

### बुधवार को तीन घंटे तक विकास भवन में मजदूरों के बयान किए कलमबद्ध, लाखों रुपये हैं बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ग्राम पंचायत सैमाण ने मनरेगा श्रमिकों से एक दिन में दो पारी में गांव के तालाब की खुदाई तो करवा ली। लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी जब मजूदरों को दिहाड़ी नहीं मिली तो उन्होंने मनरेगा लोकपाल को शिकायत की। बुधवार को लोकपाल ने शिकायतकर्ताओं के बयान कलमबद्ध किए हैं। इसके अलावा स्कीम के एक मेट और एक एबीपीओ से भी तीन घंटे तक लोकपाल ने पूछताछ की। इन दोनों की देखरेख में ही श्रमिकों ने काम किया था। शिकायत में बताया गया है कि 120 श्रमिकों ने सुबह और शाम की पारी में( प्रतिदिन दो दिहाड़ी) 1 से 27 जुलाई तक काम किया। उस हरियाणा में मनरेगा के तहत प्रति व्यक्ति प्रतिदिन औसत मजदूरी लगभग 312.75 रुपये थी।





### 100 में से 5-7 ही पहुंचे बयान दर्ज कराने

जब शिकायत की थी तो 120 में से 100 श्रमिकों ने अप्लीकेशन पर हस्ताक्षर किए हुए थे। लेकिन आज बुधवार 11 फरवरी को जब विकास भवन में बयान दर्ज किए जा रहे थे तो मुश्किल से पांच सात व्यक्ति ही पहुंचे। साढ़े ग्यारह बजे लोकपाल डॉ. एसएस रंगा ने बयान कलमबद्ध करने शुरू किए थे। पूरी प्रक्रिया दोपहर अढाई बजे तक जारी रही। इस समय मामले का मुख्य शिकायतकर्ता पंच सुनील कुमार बना हुआ है। जब तालाब की खुदाई की थी तो उस समय सुनील और उसके परिवार ने दिहाड़ी की थी। लेकिन जब सुनील पंचायत मैंबर नहीं था।

### कई अधिकारियों को शिकायत

मेहनताने की मांग को लेकर न केवल मनरेगा के लोकपाल को शिकायत की हुई है। बल्कि प्रशासन के दूसरे अधिकारियों को भी इस बारे में पत्र दिया गया है। कमिश्नर तक श्रमिक जांच पहुंचे। अब देखना ये होगा कि श्रमिकों को सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक दिहाड़ी मिल पाती है या नहीं। या आमतौर जो होता है,वही इस शिकायत को भी हो जाएगा। अमूमन जब सभी प्रकार की जांच वगैरह पूरी होकर पैसे की रिकवरी करने तक के आदेश प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कर दिए जाते हैं, उसके बाद भी रिकवरी हो नहीं पाती है।

## 790 विद्यार्थियों ने दी सुपर-100 की परीक्षा

**रोहतक।** हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से बुधवार को सुपर-100 के प्रथम चरण ही परीक्षा हुई। यह परीक्षा जिले के सात केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें 790 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रदेश के 178 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। हरियाणा राज्य में ब्लॉक स्तरीय सुपर-100 प्रथम चरण की परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक हुई। इसमें चरण-1 के लिए जिले के कुल 1268 विद्यार्थियों में से 790 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिला विज्ञान विशेष समीर मान ने बताया कि परीक्षा कुल 200 अंक रही। प्रत्येक गलत उत्तर पर 1 अंक की निगेटिव मार्किंग लागू की गई।परीक्षा में गणित विषय से संबंधित प्रश्न सम्मिलित रहे। उन्होंने बताया कि चरण-2 परीक्षा में चरण-1 के सफल विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## उपभोक्ता व्यवहारिक अभिप्राय तथा बढ़ते उपभोक्तावाद की चुनौतियों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज़्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. शीबा हामिद ने समकालीन आतिथ्य एवं पर्यटन से जुड़े विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रो. शीबा हामिद ने आधुनिक आतिथ्य एवं पर्यटन उद्योग के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए अतिथि प्रतिधारण, पर्यटक संतुष्टि, उपभोक्ता व्यवहारिक अभिप्राय तथा बढ़ते उपभोक्तावाद की चुनौतियों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी वैश्विक परिदृश्य में अतिथि संतुष्टि ही किसी भी आतिथ्य एवं पर्यटन व्यवसाय की सफलता की कुंजी है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल टूल्स आज आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला रहे हैं। कार्यक्रम के आरंभ में आईएचटीएम के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक संवाद विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नवीन शोध दृष्टिकोण से परिचित कराते हैं तथा संस्थान की शैक्षणिक और शोध संस्कृति को सुदृढ़ करते हैं।



## सरकारी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक हैं प्राइवेट स्कूलों के डायरेक्टर, दाखिलों को कर रहे प्रभावित

**महम।** महम व लाखन माजरा क्षेत्र में कुछ ऐसे प्राइवेट स्कूल हैं, जिनको अंदर खाते सरकारी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक चला रहे हैं। हालांकि रिकॉर्ड के मुताबिक तो सरकारी अध्यापकों के परिजन इन विद्यालयों को चलाते हैं। लेकिन सच्चाई कुछ और है। सरकारी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक इन विद्यालयों में डायरेक्टर की चेयर संभालते हैं। सरकारी संस्थाओं में पढ़ाने वाले इन अध्यापकों अथवा प्राध्यापकों ने अभी से सरकारी स्कूल के दाखिले प्रभावित करने शुरू कर दिए हैं। भले ही नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा हो। लेकिन इन सरकारी शिक्षकों ने अभी से अपने विद्यालयों में दाखिलों के लिए अभिभावकों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।

### सरकारी शिक्षक प्राइवेट स्कूलों में व्यस्त

अब ये शिक्षक अपने सरकारी शिक्षण संस्थान में कम और अपने प्राइवेट स्कूल में ज्यादा समय दे रहे हैं। यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी इस बात को गंभीरता से लें और यदि छापेमारी करें तो ये शिक्षक मौके पर ही पकड़े जा सकते हैं। क्योंकि इनकी हाजरी सरकारी संस्था में लगी हुई मिलेगी। यह पूरा खेल शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सांठगांठ के चलते ये सरकारी स्कूल के शिक्षक अपने प्राइवेट स्कूलों में बैठते हैं। यदि शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश स्तर या जिला स्तर पर ऐसे सरकारी स्कलों के शिक्षकों को चिन्हित किया जाए और फिर उन स्कूलों में छापेमारी की जाए तो चौकाने वाले परिणाम सामने आएंगे। विभाग को पता चलेगा कि किस तरह सरकारी संस्थाओं के शिक्षक प्राइवेट स्कूल में दाखिला प्रक्रिया पूरी करने में जुटे हुए हैं।



## पीएनबी आरएसईटीआई खरावड़ में वित्तीय साक्षरता अभियान, साइबर फ्रॉड से बचाव पर दिया जोर

**रोहतक।** खरावड़ में वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एलडीएम महावीर प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और केवल जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।संस्थान के निदेशक मंजीत सिंह ने आरएसईटीआई की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और प्रशिक्षणार्थियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। सीएफएल मिथिलेश ने सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ संकाय पिंकी देवी ने महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर जागरूक करते हुए सामाजिक बुराइयों को खत्म करने की शपथ दिलाई तथा आरएसईटीआई के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

## राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में हुआ रसमंजरी कार्यक्रम

# मिमिक्री में निकिता ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में बुधवार को रसमंजरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत की वाइस चांसलर प्रोफेसर सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की। प्रोफेसर सुदेश छिक्कारा, विशिष्ट अतिथि डॉ. संतोष हुड्डा प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सांपला व प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोफेसर सुदेश छिक्कारा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में सभी को भाग लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से महाविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रत्येक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा का विकास हो सके। मिमिक्री में निकिता प्रथम, कोमल पांडे द्वितीय तथा निशा तृतीय रही। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रवीण खत्री के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर डॉ. वीणा सचदेवा, डॉ. फूल कुमार, डॉ. नरेश, डॉ सुभाष बल्हारा, डॉ. बसंत कुमार, डॉ. योगेश व मौजूद रहे।





रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं तथा रसमंजरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुदेश छिक्कारा को पौधा भेंट करते हुए प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा।

### इस प्रकार रहे परिणाम

अंताक्षरी में कोमल पांडे, निकिता एवं रीतू की टीम प्रथम, सलोनी, परी, मुस्कान की टीम द्वितीय व आणि, अनुष्का, सुमन की टीम तृतीय स्थान पर रही। क्लासिकल और सेमी क्लासिकल सोलो डांस में रूपाली प्रथम, करिश्मा द्वितीय, रौनक शर्मा तृतीय रही। रंगोली में शबनम प्रथम, तुलसी द्वितीय तथा निकिता तृतीय रही। दुपट्टा पेंटिंग में जूही प्रथम, जया द्वितीय तथा शबनम तृतीय रही। गीत फॉक सॉन्ग में परी प्रथम भारती द्वितीय तथा स्नेहा तृतीय रही।

## एमडीयू में किशोरों की व्यवहारिक चुनौतियों पर सीआरई कार्यक्रम



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज़ द्वारा बुधवार को कंटीन्यूइंग रिहैबिलिटेशन एजुकेशन (सीआरई) प्रोग्राम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर कहा कि किशोरावस्था में व्यवहारिक समस्याओं की समय पर पहचान और वैज्ञानिक प्रबंधन समाज के स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल पेशेवर दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि समावेशी और संवेदनशील समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।